

# मेक्सिको ने इक्वाडोर को 2-0 से हराया



## 40 साल बाद जीता नॉकआउट मैच

**मेक्सिको सिटी, 1 जुलाई. सह-मेजबान मेक्सिको ने इक्वाडोर को 2-0 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के अंतिम-16 में जगह बना ली. इसके साथ ही मेक्सिको ने 40 साल बाद पहली बार वर्ल्ड कप का नॉकआउट मुकाबला जीता. मेक्सिको की जीत में जूलियन क्विनोनेस और राउल जिमेनेज ने अहम भूमिका निभाई. दोनों खिलाड़ियों ने पहले हाफ में गोल दागकर टीम को मजबूत बढ़त दिलाई. यह मेक्सिको की 1986 के बाद पहली नॉकआउट जीत है. दिलचस्प बात यह है कि 1986 में भी मेक्सिको ने मेजबानी करते हुए नॉकआउट मैच में बुल्गारिया को हराया था और तब भी स्कोर 2-0 ही रहा था.**

खराब मौसम के कारण मुकाबले की शुरुआत एक घंटे देरी से हुई, लेकिन मेक्सिको ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया. शुरुआती 15 मिनट में गिलबर्टो मोरा, लुइस रोमो, राउल जिमेनेज और मोरा ने कई मौके बनाए. हालांकि इक्वाडोर के जॉन येबोआह ने 18वें मिनट में गोल करने की कोशिश की, लेकिन उनका शॉट पोस्ट से टकराकर बाहर चला गया. इसके चार मिनट बाद जूलियन क्विनोनेस ने शानदार गोल कर मेक्सिको को 1-0 की बढ़त दिलाई. इसके बाद 30वें मिनट के बाद क्विनोनेस ने ही शानदार पास देकर राउल जिमेनेज को मौका दिया, जिन्होंने दूसरा गोल कर बढ़त 2-0 कर दी. मेक्सिको की डिफेंस भी पूरे मैच में मजबूत रही. सेसर मोंटेस और जोहान वास्केज़ ने रक्षापंक्ति को मजबूती दी, जबकि गोलकीपर राउल रैंगल ने लगातार चौथे मैच में क्लीन शीट बरकरार रखी. 17 साल 259 दिन के गिलबर्टो मोरा भी रिकॉर्ड बुक में शामिल हो गए. वह वर्ल्ड कप नॉकआउट मैच शुरू करने वाले इतिहास के दूसरे सबसे युवा खिलाड़ी बने. उनसे पहले यह रिकॉर्ड महान फुटबॉलर के नाम था, जिन्होंने 1958 में 17 साल 239 दिन की उम्र में ब्राज़ील के लिए खेला था. प्लेयर ऑफ द मैच बने जूलियन क्विनोनेस ने कहा, आज सबसे ज्यादा मायने टीमवर्क रखता है. आप व्यक्तिगत रूप से तभी चमकते हैं जब टीम शानदार प्रदर्शन करे. हमें इसी सोच के साथ आगे भी लड़ते रहना है. अब मेक्सिको का अगला मुकाबला इंग्लैंड और कांगो डीआर के बीच होने वाले राउंड ऑफ 32 मैच के विजेता से 6 जुलाई को मेक्सिको सिटी स्टेडियम में होगा.

### हार के बाद कोच ने छोड़ा पद



**ज़्यूरिख/डॉह.** फीफा वर्ल्ड कप से बाहर होने के बाद नीदरलैंड्स के कोच रोनाल्ड कोमैन ने पद से इस्तीफे की घोषणा कर दी है. राउंड ऑफ 32 में मोरक्को और नीदरलैंड्स टीम का मुकाबला खेला गया, जिसमें नीदरलैंड्स की टीम को हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ वर्ल्ड कप में उसका सफर समाप्त हो गया है. मोरक्को के खिलाफ खेलते हुए नीदरलैंड्स की टीम के हार के साथ ही कोच रोनाल्ड कोमैन ने भी कोच का पद छोड़ दिया है. इसी के साथ मैनेजर के तौर पर नीदरलैंड्स के साथ उनका दूसरा कार्यकाल भी समाप्त हो गया. कोमैन ने 2018 की शुरुआत में अपना पहला कार्यकाल शुरू किया, जो 2020 के मध्य तक चला. कतर में हुए वर्ल्ड कप के बाद, जिसमें नीदरलैंड्स्स क्वार्टर-फाइनल तक पहुंचा था, वे 2023 की शुरुआत में उन्होंने बतौर कोच फिर टीम से जुड़े थे.

## फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराया



**पेरिस/दोहा.** फ्रांस ने स्वीडन को 3-0 से हराकर फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है. इस जीत में किलियन एमबाप्पे ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए दो गोल दागे, जबकि ब्रैडली बारकोला ने भी एक गोल किया. इसके साथ ही फ्रांस ने टूर्नामेंट में अपनी लगातार शानदार जीत का सिलसिला भी जारी रखा. विश्व कप के इतिहास में फ्रांस पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसने लगातार पांच मैचों में कम से कम तीन-तीन गोल किए हैं. एमबाप्पे ने इस मुकाबले में दो गोल कर विश्व कप में अपने कुल गोलों की संख्या 18 पहुंचा दी. इसके साथ ही वह विश्व कप इतिहास के सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं. उन्होंने जर्मनी के मिरोस्लाव क्लोज़े को पीछे छोड़ दिया है और अब उनसे आगे केवल लियोनेल मेसी हैं, जिनके नाम 19 गोल दर्ज हैं. फ्रांस ने पहले हाफ में कई मौके बनाए, लेकिन स्वीडन की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण गोल नहीं कर पा रहा था. आखिरकार एमबाप्पे ने शानदार फुटवर्क दिखाते हुए पेनल्टी बॉक्स के अंदर से बेहतरीन शॉट लगाया और टीम को बढ़त दिला दी.

## मोरक्को ने नीदरलैंड को पेनल्टी में हराया



**दोहा/लुसैल.** मोरक्को ने मंगलवार को यहां मॉन्टेरी स्टेडियम में नीदरलैंड पर पेनल्टी शूटआउट में जबरदस्त जीत के साथ फीफा विश्व कप 2026 के अंतिम-16 में जगह बना ली. निश्चित और अतिरिक्त अवधि मिलाकर भी इस मैच का फैसला नहीं हो सका. मैच 1-1 से बराबर था. इसके बाद पेनल्टी में मोरक्को ने 3-2 से जीत हासिल की. 72वें मिनट में कोडी गैकपो ने गोल करके नीदरलैंड को बढ़त दिलाई. क्राइसेंसियो समरविले के गोल के सामने एक शानदार रन और ऑफ-बैलेंस टचबैक ने गैकपो को गोल करने में मदद की. गैकपो अब वर्ल्ड कप में नीदरलैंड के लिए छह गोल के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. वह सिर्फ जॉनी रेप से पीछे हैं, जिन्होंने 1974 (चार गोल) और 1978 के बीच सात गोल किए थे. मोरक्को ने 91वें मिनट में बराबरी का गोल करके वापसी की. सेंट्रल डिफेंडर इसा डियोप ने अतिरिक्त समय की शुरुआत में स्थानापन्न चेम्सडाइन टैल्बी के क्रॉस पर हेडर मारकर गोल कर दिया. मॉन्टेरी में 120 मिनट का रोमांचक मैच उतार-चढ़ाव वाला रहा और रेगुलर या एक्स्ट्रा टाइम में कोई विनर नहीं बन पाया.

## इंग्लैंड से भिड़ेगी अय्यर की युवा भारतीय टीम



**नई दिल्ली, 01 जुलाई. वैभव सूर्यवंशी का बहुप्रतीक्षित डेब्यू और मुश्किल विकेटों पर बल्लेबाजी की कमजोरियां इंग्लैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही पांच मैच की टी20 सीरीज में भारत के लिए चर्चा का मुख्य विषय रहेंगे.**

भारत को आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा था जिसके बाद वैभव को प्लेइंग-11 में शामिल करने की मांग तेज हो गई थी. हालांकि, टीम प्रबंधन की ओर से जो संकेत मिल रहे हैं उससे इस बात की संभावना कम है कि इस 15 साल के बल्लेबाज को पहले टी20 में मौका मिले.



### टेस्ट कप्तानी मिलना बड़ा सम्मान होगा : ब्रूक

**चेस्टर-ली-स्ट्रीट.** हैरी ब्रूक ने कहा है कि इंग्लैंड की पुरुष टेस्ट टीम का नया कप्तान बनना उनके लिए बड़े सम्मान की बात होगी. यह बयान उन्होंने उस समय दिया, जब एक दिन पहले ही संन्यास लेने वाले बेन स्टोक्स ने उन्हें यह भूमिका संभालने के लिए अपना '100 प्रतिशत समर्थन' दिया था.

## ईशान बने टी20 के नंबर 1 बल्लेबाज

### अभिषेक को पीछे छोड़ा



**नई दिल्ली, 01 जुलाई. भारतीय क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन आईसीसी द्वारा बुधवार को जारी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर पहुंच गए हैं. ईशान ने लगभग 1 साल से नंबर वन की कुर्सी पर काबिज अभिषेक शर्मा को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया है.**

ईशान किशन ने टी20 फॉर्मेट में वापसी के बाद से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है. न्यूजीलैंड टी20 सीरीज, टी20 विश्व कप में दमदार प्रदर्शन की वजह से ही ईशान टी20 के नंबर 1 बल्लेबाज बन सके हैं. टी20 रैंकिंग में अभिषेक शर्मा दूसरे स्थान पर चले गए हैं. पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे, इंग्लैंड के फिल साल्ट चौथे, श्रीलंका के पाथुम निसांका पांचवें और भारत के तिलक वर्मा छठे स्थान पर हैं.

इंग्लैंड के जोस बटलर को एक स्थान का फायदा हुआ है. बटलर सातवें स्थान पर चले गए हैं. सूर्यकुमार यादव एक स्थान के नुकसान के साथ आठवें स्थान पर चले गए हैं. ऑस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श नौवें और दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस दसवें स्थान पर हैं. आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट बल्लेबाजों की रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के बल्लेबाज ट्रेविस हेड को 2 स्थान का फायदा हुआ है. हेड टेस्ट फॉर्मेट के नंबर वन बल्लेबाज बन गए हैं.



## 8वीं बार टी20 फाइनल में पहुंचा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न, 01 जुलाई. ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज के खिलाफ 8 विकेट से शानदार जीत हासिल की. इसी के साथ छह बार की चैंपियन टीम ने 8वीं बार खिताबी मैच में जगह बनाई है. जीत के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सोफी मोलिनक्स ने अपनी टीम के संयम और हरफनमौला प्रदर्शन की तारीफ की.**

वेस्टइंडीज को 125/7 के स्कोर पर रोकने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने 42 गेंदें शेष रहते मुकाबला अपने नाम कर लिया. ऑस्ट्रेलियाई टीम से बेथ मूनी (नाबाद 61) और एशले गार्डनर (नाबाद 35) ने शानदार पारियां खेलीं. इससे पहले, मोलिनक्स, गार्डनर और जॉर्जिया वेयरहैम ने दो-दो विकेट लेकर इस बड़ी जीत की नींव रखी थी. फाइनल तक ऑस्ट्रेलिया के अजेय सफर पर बात करते हुए मोलिनक्स ने कहा कि टीम ने बहुत आगे की सोचने के बजाय टूर्नामेंट का मुकाबले का लुत्फ उठाने पर ध्यान दिया.

उन्होंने कहा, 'टी20 वर्ल्ड कप में आपको बस हालात के साथ चलना होता है. इसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं. पूरी टीम ने इसका लुत्फ उठाया है. शायद हमारे लिए यही सबसे बड़ी बात है. हमने खुद को बहुत आगे की सोचने से रोका है. अब हम फाइनल के बारे में सोच सकते हैं, जो बहुत अच्छी बात है.

## हरमनप्रीत-अमोल से आगे बढ़ने का समय



**मुंबई, 1 जुलाई. इंग्लैंड में टी 20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद डायना इडुल्जी ने भारतीय महिला टीम का साफ तौर पर आकलन किया.**

बिना किसी लाग-लपेट के उन्होंने कहा कि भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत कौर और हेड कोच अमोल मजूमदार से आगे बढ़ने का समय आ गया है. आईसीसी इवेंट में टीम के परफॉर्मेंस की कड़ी आलोचना करते हुए, भारत की पूर्व कप्तान, जो बीसीसीआई की कमिटी ऑफ़ एडमिनिस्ट्रेटर्स की मेंबर भी थीं, ने कहा कि खिलाड़ी और कोच एक कम्फर्ट ज़ोन में फंस गए हैं. उन्होंने 'स्टैगनेटेड' शब्द का इस्तेमाल किया. इडुल्जी ने क्रिकबज से कहा, मुझे लगता है कि हमें हरमन से आगे देखना चाहिए. हालांकि वह मेरी पसंदीदा खिलाड़ी हैं और मैंने हमेशा उनका सपोर्ट किया है, मुझे लगता है कि हमें आगे बढ़ना चाहिए, कम से कम टी20 में. उन्हें एक खिलाड़ी के तौर पर खेलते रहने दें और नए कप्तान के बारे में सोचें.

### अथर्व शर्मा के 93 रनों की बदौलत मेरठ स्पार्टन्स फाइनल में

**गाजियाबाद.** अथर्व शर्मा (93) की शानदार पारी की बदौलत मेरठ स्पार्टन्स ने फ्यूचर स्टार अंडर-15 चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है. जहां उसका मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल की विजेता करीम कैपिटल्स चार्जर्स से होगा. पहले समीफाइनल में अथर्व शर्मा के (93) रनों की बदौलत मेरठ स्पार्टन्स ने सोनीपत किंग्स को 91 रनों से हराया. जबकि दूसरे सेमीफाइनल में सिद्धार्थ तोमर के 65 रनों की मदद से करीम कैपिटल चार्जर्स ने नोएडा ब्लेज को छह विकेट से मात दी.

## डूरंड कप के मेज़बान शहरों की टीमों का ऐलान

### 5 शहरों में भिड़ेंगी डूरंड कप की टीमें



**कोलकाता, 01 जुलाई. इंडियनऑयल डूरंड कप की तैयारियों ने मंगलवार को और गति पकड़ ली, जब डूरंड कप आयोजन समिति ने टूर्नामेंट के पांच मेज़बान शहरों में भाग लेने वाली सभी 24 टीमों और प्रत्येक मेज़बान शहर के मैच कार्यक्रम की घोषणा की.**

टूर्नामेंट का आगाज़ 25 जुलाई को कोलकाता से होगा. इसके बाद अगले चार सप्ताह तक मुकाबले पांचों मेज़बान शहरों में खेले जाएंगे और 23 अगस्त को विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन, कोलकाता में फाइनल के साथ प्रतियोगिता का समापन होगा.

बड़े बदलाव | जोफ्रा आर्चर को पहले टी20 में नहीं मिला मौका

## भारत के खिलाफ इंग्लैंड की प्लेइंग-11 घोषित



**नई दिल्ली, 01 जुलाई. इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ बुधवार को होने वाले पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले के लिए अपनी प्लेइंग-11 घोषित कर दी है. 2026 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में भारत से हारने वाली इंग्लैंड टीम की तुलना में इस बार अंतिम एकादश में दो बड़े बदलाव किए गए हैं.**

साकिब महमूद को जेमी ओवरटन की जगह शामिल किया गया है, जबकि जोफ्रा आर्चर की जगह ल्यूक वुड की टीम में वापसी हुई है. जोफ्रा आर्चर और तेज गेंदबाज जोश टंग को हाल ही में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए आखिरी टेस्ट मैच में शामिल होने के कारण इस सीरीज के लिए आराम दिया गया है. इस सीरीज में स्टार बल्लेबाज हैरी ब्रूक टीम की कमान संभाल रहे हैं, जो उनके अब तक के कप्तानी करियर की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक होने वाली है.

टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में टीम को पहुंचाकर ब्रूक ने अपनी साख मजबूत की है और उन्हें इंग्लैंड के अगले टेस्ट कप्तान के रूप में भी देखा जा रहा है. ब्रूक ने कहा, मैंने खुद को पूरी तरह से इंग्लैंड क्रिकेट के लिए समर्पित कर दिया है. मैंने साफ कर दिया है कि मैं द हंड्रेड को छोड़कर किसी भी अन्य फ्रेंचाइजी क्रिकेट में नहीं खेलना चाहता.

### बेरेटिनी से हार के बाद वावरिंका का अलविदा

**विंबलडन.** स्टैन वावरिंका का विंबलडन सफर भावुक अंदाज में विदाई के साथ समाप्त हो गया. तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन वावरिंका को माटेओ बेरेटिनी ने चार घंटे 20 मिनट तक चले रोमांचक पहले दौर के मैराथन मुकाबले में उन्हें हराया. इटली के पेशेवर टेनिस खिलाड़ी माटेओ बेरेटिनी ने चार घंटे 20 मिनट तक चले रोमांचक पहले दौर के मुकाबले में 6-7(7), 7-6(16), 7-6(7), 7-6(5) वावरिंका को हराया. 41 साल और 106 दिन की उम्र में, वावरिंका पुरुष एकल ड्रॉ में सबसे उम्रदराज खिलाड़ी थे और 2026 सीज़न के अंत में संन्यास लेने वाले हैं.

## ओसाका की शानदार जीत, तीसरे राउंड में



**लंदन, 1 जुलाई. नाओमी ओसाका ने बुधवार को विंबलडन 2026 में अपना सफर जारी रखा, कोर्ट 2 पर अनस्तासिया गैसानोवा को 6-3, 6-2 से हराकर तीसरे राउंड में अपनी जगह पक्की की.**

दोनों खिलाड़ियों के बीच पहली मुलाकात में, ओसाका फेवरेट के तौर पर उतरीं और वैसा ही खेला. चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने अपनी सर्व के दम पर मैच को कंट्रोल किया, आठ एस लगाए और अपनी पहली डिलीवरी के दम पर 76 परसेंट पॉइंट जीते. क्वालिफाइंग से आने और एमिलियाना अरांगो के खिलाफ अपना ओपनिंग राउंड मैच जीतने के बाद गैसानोवा अपने मोमेंटम के साथ आईं. लेकिन ओसाका के खिलाफ, दुनिया की 225 नंबर की खिलाड़ी को रिटर्न पर ज़्यादा प्रेशर बनाने में मुश्किल हुई, और पूरे मैच में सिर्फ़ 11 रिसीविंग पॉइंट ही जीत पाईं. इस बीच, जापानी टेनिस स्टार ने छह में से तीन ब्रेक पॉइंट कन्वर्ट किए और खुद एक भी ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं किया, जिससे मैच शुरू से आखिर तक उनके रैकेट पर रहा. यह जीत ओसाका की एल्सा जैक्वेमोट पर ओपनिंग-राउंड की जीत को और पक्का करती है और एक उम्मीद जगाने वाले ग्रास-कोर्ट स्विंग को जारी रखती है.